आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 07.03.2025 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री जनऔषधि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह दिवस स्वस्थ और फिट इंडिया का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं अब देश के हर कोने तक पहुंच रही हैं और जन औषधि मॉडल अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। वहीँ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम गुजरात के सूरत में सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ करेंगे। अभियान के तहत 2 लाख तीन हजार लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभ मिलेगा।

सीआईएसएफ अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज थक्कोलम में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल-सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस पर परेड का निरीक्षण किया. उन्होंने सीआईएसएफ के 127 शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने तटीय साइक्लोथॉन, सुरक्षित तट, समृद्ध भारत का भी वर्चुअल उद्घाटन किया, जो पश्चिमी और पूर्वी तट से एक साथ शुरू होगा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बल राष्ट्र के विकास का हिस्सा रहा है और देश भर में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में तैनात है। उन्होंने बताया कि 2019 से सरकार ने देश के अन्य हिस्सों में सीआईएसएफ स्थापना दिवस मनाने का फैसला किया है।

महिला दिवस आकाशवाणी

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आकाशवाणी भोपाल में आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि महिलायें अपने विकास का नया अध्याय लिख रही हैं.

उन्होंने इस अवसर पर आयोजित एक वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । यह वॉकथॉन आकाशवाणी परिसर से बोट क्लब तक आयोजित की गयी थी । उन्होंने कार्यालय की सभी महिलाओं का सम्मान भी किया।

नक्सलवाद समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण, दूरसंचार साधनों के विस्तार और आवश्यक जवानों की तैनाती से नक्सल तत्वों पर नियंत्रण में सफलता मिल रही है। मुख्यमंत्री निवास में नक्सल उन्मूलन अभियान पर बैठक में उन्होंने कहा कि विकास कार्य निरंतर जारी रखे जाएं और आधुनिक उपकरणों के उपयोग और क्षेत्र की निरंतर निगरानी से नक्सली तत्वों के खात्मे के लिए प्रयास तेज किए जाएं। मुख्यमंत्री ने स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को प्रति पखवाड़े नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा के निर्देश दिए।

साहित्योत्सव

साहित्य अकादमी का साहित्योत्सव आज से शुरू होने जा रहा है। एशिया के सबसे बड़े इस साहित्य महोत्सव का आयोजन इस महीने की 12 तारीख तक चलेगा। छह दिवसीय इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत नई दिल्ली के रवींद्र भवन में करेंगे। इस बार साहित्योत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से 50 से अधिक भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले 700 से अधिक लेखक हिस्सा लेंगे। इस महोत्सव में 23 भाषाओं में प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समारोह में लगभग 120 सत्र होंगे। इस साहित्योत्सव का विषय है "भारतीय साहित्यिक परंपराएँ"।

समाचार संक्षेप में....

1. बारबाडोस सरकार ने कोविड के दौरान श्री मोदी के योगदान को सम्मानित करने के लिए उन्हें ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस पुरस्कार प्रदान किया है।
2. रतलाम में डॉ लक्ष्मीनारायण पॉण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में POSH यानि कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम की

जानकारी के लिए महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

3. कटनी में ग्राम पंचायत कन्हवारा में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 86 लोगों ने अपनी समस्याओं का निराकरण करवाया। और

4. छतरपुर जिला शहर कोतवाल टीआई अरविंद कुजूर ने अपने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली.